Shah Times Edition Delhi
28.1.2017 Page 1
Height 10.82cm Width 17.18 cm

यूआईडीएआई ने बनाया नया कीर्तिमान

111 करोड़ लोगों को डिजिटल आधार कार्ड नंबर जारी किया

135 रजिस्ट्रार व 612 पंजीयक एजेंसियां आधार पंजीयन में लगी हैं: प्रसाद

, नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के मौके पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 111 करोड़ आधार नंबर जारी कर एक नया कीर्तिमान कायम किया और इस तरह अब देश के 99.6 प्रतिशत व्यस्कों के पास अपनी डिजिटल पहचान हो गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि 125 करोड़ से अधिक की आबादी वाले इस देश में 111 करोड़ लोगों के पास अपनी डिजिटल पहचान हो गई हैं। कुछ महीने पहले 100 करोड़ से अधिक आधार नंबर जारी करने का रिकॉर्ड बना था, लेकिन 26 जनवरी को यूआईडीएआई ने इस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़कर नया कीर्तिमान कायम किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर अभी देश के 91.7 प्रतिशत लोगों के पास आधार नंबर है, जबकि 99 प्रतिशत से अधिक व्यस्कों के पास आधार है। देश के 22 राज्य और संघ शासित प्रदेशों में 90 फीसदी से अधिक लोगों के पास आधार है। उन्होंने कहा कि अभी 135 रजिस्ट्रार और 612 पंजीयक एजेंसियां आधार पंजीयन में लगी हुई हैं। देश में 47,192 आधार पंजीयन केन्द्र हैं, जहां यह काम हो रहा है। इनमें से 28,332 स्थाई केन्द्र -शेष पृष्ठ दो पर

आधार के नाम पर वसूलने पर होगी कार्रवाई : रविशंकर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज कहा कि आधार पंजीयन के लिए जो पंजीयन केन्द्र लोगों से रुपये ले रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। श्री प्रसाद ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि आधार पर पंजीयन और कार्ड जारी करना नि:शुल्क है। इसके लिए किसी भी व्यक्ति से कोई शुल्क या धनराशि नहीं ली जाती है। इसके बावजूद यदि कोई आधार पंजीयन केन्द्र इसके लिए रुपये वसूलता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी 135 रजिस्ट्रार और 612 पंजीयक एजेंसियां आधार पंजीयन में लगी हुई हैं। देश में 47,192 आधार पंजीयन केन्द्र हैं, जहां यह काम हो रहा है। इनमें से 28,332 स्थाई केन्द्र हैं। प्रतिदिन सात से आठ लाख आवेदन मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नोटबंदी के बाद सरकार के डिजिटल लेनदेन एवं आधार आधारित भुगतान तंत्र बनाने की घोषणा के बाद से आधार बनाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसके मद्देनजर कुछ केन्द्रों पर आधार पंजीयन के लिए रुपये लिए जाने की खबरें आ रही है।